# भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)
6ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

दिनांक: 26 अप्रैल 2024, शुक्रवार

## केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा मध्य प्रदेश के गुना और राजगढ़ में आयोजित विशाल जनसभाओं में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु

**कांग्रेस भारत में शरिया लागू करना चाहती है, लेकिन जब तक भाजपा है, हम शरिया लागू नहीं होने देंगे**

*****************

**हमने उत्तराखंड में UCC को लागू किया, अब पूरे देश में करेंगे**

*****************

**भारत के संसाधनों पर पहला हक गरीब, दलित, OBC और आदिवासियों का है**

*****************

**मोदी सरकार ने मध्य प्रदेश को नकस्लवाद से मुक्त किया**

*****************

**यह चुनाव** 3 **करोड़ माताओं को लखपति दीदी बनाने का है**

*****************

**राहुल गांधी वोटबैंक के डर से राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा में नहीं गए**

*****************

**कांग्रेस ने 4 पीढ़ियों तक गरीबी हटाओ का नारा दिया, मोदी जी ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला**

*****************

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने आज शुक्रवार को मध्य प्रदेश के गुना और राजगढ़ में आयोजित विशाल जनसभाओं को संबोधित करते हुए यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में समान नागरिक संहिता के प्रति भाजपा सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया और कांग्रेस द्वारा एक वर्ग विशेष के तुष्टिकरण की नीति की कड़ी निंदा की। इन कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव, निवर्तमान गुना सांसद श्री केपी यादव, गुना लोकसभा प्रत्याशी श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, राजगढ़ लोकसभा प्रत्याशी श्री रोडमल नागर सहित अन्य पदाधिकारीगण मंच पर उपस्थित रहे।

श्री शाह ने कहा कि यदि जनसंघ और भाजपा की नींव के लिए श्रद्धेय राजमाता ने बलिदान न दिया होता तो वर्तमान की भाजपा की कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। **हमारे प्रत्याशी श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और श्री रोडमल नागर को दिया गया एक-एक वोट आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएगा**। जनता जब अपने सांसद प्रत्याशी को वोट करती है तो पार्टी से अपने सांसद को आगे बढ़ाने की उम्मीद रखती है, लेकिन **आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने तो गुना को एक बना बनाया मंत्री प्रत्याशी के रूप में दे दिया है,** इसलिए ये आप की जिम्मेदारी है कि श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को प्रचंड बहुतमत से विजयी बनाए। निवर्तमान सांसद श्री केपी यादव ने गुना क्षेत्र की बहुत सेवा की है इसलिए श्री केपी यादव की चिंता पार्टी पर छोड़ दीजिए, **श्री केपी**

**यादव के भविष्य और उन्हें आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी भारतीय जनता पार्टी की है**। गुना की जनता को श्री केपी यादव और श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, दोनों नेता मिलेंगे। **यह चुनाव देश को तीसरे नंबर का अर्थतंत्र, 3 करोड़ माताओं बहनों को लखपति दीदी, लोगों के घरों पर सोलर पैनल लगाकर उन्हें बिजली से मुक्ति दिलाने और पीएम आवास योजना के तहत 4 करोड़ नए घर बनाने का चुनाव है।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे सवाल करते हैं कि धारा 370 का मध्यप्रदेश और राजस्थान की जनता से क्या लेना देना है? छत्तीसगढ़ के लोग कश्मीर के लिए जान देने को तैयार हैं। कांग्रेस सरकार ने तुष्टीकरण के लिए धारा 370 को बनाए रखा था, लेकिन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 5 अगस्त 2019 को धारा 370 को समाप्त करके कश्मीर को सदैव के लिए भारत का अभिन्न अंग बना दिया है। **कांग्रेस के नेता राहुल गांधी का कहना था कि धारा 370 के हटने से कश्मीर में खून की नदियां बह जाएंगी लेकिन पिछले 5 वर्षों में खून की नदियां छोड़िए, किसी में कंकर मारने की भी हिम्मत नहीं हुई है।** आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने इस देश से आतंकवाद और नक्सलवाद को समाप्त किया है। पूर्व के कांग्रेस शासन में आए दिन पाकिस्तान से आए आतंकी भारत में बम धमाके करते थे और कांग्रेस सरकार चुप चाप बैठी रहती थी। भाजपा सरकार में पाकिस्तान से आए आतंकियों ने पुलवामा और उरी में हलमा करने की गलती की तो 10 दिनों के भीतर भारतीय सेना ने पाकिस्तान के घर में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक और एयरस्ट्राइक कर आतंकियों का सफाया कर दिया। कांग्रेस चार पीढ़ियों तक गरीबी हटाने की बात करती रही लेकिन गरीबी नहीं हटा सकी।

श्री शाह ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भाजपा शासन के 10 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आ गए। 80 करोड़ लोगों को प्रतिमाह 5 किलो नि:शुल्क आनज दिया जा रहा है। 10 वर्षों में 12 करोड़ शौचालय बनाए गए, 4 करोड़ लोगों को घर बनाकर दिए गए, 3 करोड़ लोगों को घर में बिजली दी, 10 करोड़ माताओं को गैस कनेक्शन दिए गए और 14 करोड़ लोगों को नल से जल देने का कार्य किया गया। कोरोना जैसी गंभीर बीमारी के दौरान 130 करोड़ लोगों को नि:शुल्क टीका देकर भारत को सुरक्षित किया गया। कांग्रेस उस समय भी टीके का विरोध कर रही थी। कांग्रेस पार्टी ने वर्षों तक राम मंदिर के मुद्दे को अधर में लटकाए रखा, लेकिन **आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने राम मंदिर का निर्माण करवाकर प्रभु श्रीराम को टेंट से निकालकर भव्य राम मंदिर में विराजमान किया।** 500 वर्षों तक एक टेंट में रहने के बाद, 17 अप्रैल 2024 को प्रभु श्री राम ने भव्य राम मंदिर में अपना जन्मदिवस मनाया। कांग्रेस पार्टी ने वोट बैंक के तुष्टीकरण की राजनीति के चलते राम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के निमंत्रण को भी ठुकरा दिया।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि दिग्विजय सिंह के कार्यकाल में मध्यप्रदेश नक्सलवाद से पीड़ित राज्य माना जाता था पूरा चम्बल डाकुओं से भरा हुआ था लेकिन आज भाजपा ने मध्य प्रदेश से नक्सलवाद को समाप्त करने का कार्य किया है। दिग्गी राजा राजगढ़ छोड़कर भोपाल चले गए थे और आज राजगढ़ की जनता से वोट मांग रहे हैं। इन्हीं **दिग्गी राजा की सलाह से राहुल गांधी ने अपने घोषणा पत्र में अल्पसंख्यकों के लिए पर्सनल लॉ लाने की बात रखी है। कांग्रेस देश में मुस्लिम पर्सनल लॉ लाना चाहती है। यह देश शरिया के मुताबिक नहीं चल सकता। जब तक भारतीय जनता पार्टी है तब तक पर्सनल लॉ इस देश में लागू नहीं हो सकता है।** यह देश समान नागरिक संहिता से चलेगा। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की गारंटी है कि उत्तराखंड की तरह पूरे देश में समान नागरिक संहिता लागू किया जाएगा। दिग्गी राजा ने ही भगवा आतंकवाद की बात कही थी और ये पाकिस्तान के आतंकियों को आप कहकर बुलाते हैं। हाफिज सईद दिग्विजय सिंह का साहब होगा भारत के लिए तो दुर्दान्त आतंकी है जिसने भारत का नुसकान किया है। जाकिर नाईक को ये गले लगाते हैं, अफजल गुरु की फांसी का विरोध करते हैं, पीएफआई पर बैन का विरोध करते हैं और सीएए समर्थकों पर लाठियां चलवाते हैं।

श्री शाह ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने नई संसद और कर्तव्य पथ बनाया। विश्व में पहली बार चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान को उतारने वाला देश भारत है, यह भाजपा शासन में संभव हुआ है। **श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश के विकास में पहली प्राथमिकता अनुसूचित जाति, जनजाति और ओबीसी को दी है।** कांग्रेस पार्टी कहती है कि इस देश के संसाधनों पर सबसे पहला अधिकार अल्पसंख्यकों का है, कांग्रेस की मंशा को भाजपा सफल नहीं

होने देगी। **इस देश के संसाधन पर सबसे पहला हक गरीब, दलित, आदिवासी और ओबीसी का है**। कांग्रेस ओबीसी विरोधी पार्टी है, कांग्रेस ने काका कालेलकर और मंडल कमीशन की रिपोर्ट को वर्षों तक छुपा कर रखा। केन्द्र की संस्थाओं में ओबीसी को आरक्षण नहीं दिया, ओबीसी आयोग नहीं बनाया। वहीं नीट परीक्षाओं, मेडिक दाखिलों और अन्य सारे केन्द्रीय संस्थानों में ओबीसी समुदाय को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का कार्य आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने किया है।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि सिंधिया महाराज विकास के लिए सबसे अधिक समर्पित व्यक्ति हैं। सिंधिया परिवार ने गुना क्षेत्र का लालन-पालन अपने बच्चों की तरह किया है। मध्यप्रदेश को भाजपा ने आगे बढ़ाया है, हर खेत में सिंचाई की व्यवस्था की है। कांग्रेस के कार्यकाल में मक्के का न्यूनतम समर्थन मूल्य ₹1300 था जो भजपा शासन में ₹2000 हो गया है। सोयाबीन ₹2560 से ₹4600, और गेहूं को ₹1400 से ₹2275 करने का कार्य भाजपा ने किया है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने ₹260 करोड़ की लागत से राष्ट्रीय राजमार्ग कुरवाई मुंगावली चंदेरी का निर्माण, ₹112 करोड़ गुना नगरपालिका में आवास योजना के तहत खर्च किए गए, ₹45 करोड़ की लागत से एयरपोर्ट का निर्माण, 83 करोड़ रूपये स्वास्थ्य केंद्रों पर खर्च किए गए, ₹560 करोड़ चंदेरी सिंचाई परियोजना और ₹90 करोड़ मल्हारगढ़ सिंचाई परियोजना, 90 करोड़ रूपये 2800 हेक्टेयर की पनहेटी सिंचाई परियोजना पर खर्च किए गए। श्री रोडमल नागर ने रामगंज-मंडी-भोपाल रेलवे लाइन परियोजना के लिए ₹2,000 करोड़ आवंटित किए हैं। ₹400 करोड़ की लागत से राजगढ़ में मेडिकल कॉलेज बनाया गया, 7000 किलोमीटर की नई पाइपलाइन से 1300 गांवों में नल से जल पहुंचाया गया और ₹27 करोड़ की लागत से व्यवसायिक महाविद्यालय खोला गया है। ₹13 करोड़ से एक आदर्श कॉलेज, ₹12 करोड़ से एक नवीन सरकारी कॉलेज और ₹9 करोड़ से लॉ कॉलेज बनाया गया। राजगढ़, हिलजीपुर, नरसिंहगढ़, कुरावर से श्यामपुर तक नये रेलवे ट्रैक बनाए गए हैं। डबल इंजन की सरकार मध्य प्रदेश की प्रगति को और आगे बढ़ाएगी। बीते 5 वर्षों में आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने मध्य प्रदेश के विकास के लिए ₹9 लाख करोड़ आवंटित किए हैं।

श्री शाह ने कहा कि **कांग्रेस बहुत बार आई और गई लेकिन अब दिग्विजय सिंह की राजनीति से स्थायी विदाई का समय आ गया है और विदाई भी बड़ी होनी चाहिए। आशिक का जनाजा है, धूम-धाम से निकाला जाना चाहिए।** श्री शाह ने जनता से लोकसभा प्रत्याशी श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और श्री रोडमल नागर को भारी मतों से विजयी बनाकर संसद भेजने की अपील की।

**************************